# कुशीनगर एयरपोर्ट का रनवे प्रदेश में सबसे लंबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन किया। यह प्रदेश के सबसे लंबे रनवे वाला एयरपोर्ट है। साथ ही बनारस के बाद इस क्षेत्र का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस एयरपोर्ट के शुरू हो जाने से न सिर्फ कुशीनगर बल्कि पूरे पूर्वांचल में पर्यटन विकास के साथ रोजगार के तमाम अवसर पैदा होंगे।




**3.2** किलोमीटर लंबा है कुशीनगर एयरपोर्ट का रनवे 45 मीटर चौड़ाई

**08** फ्लाइट की क्षमता प्रतिघंटा है रनवे की चार जहाज खड़े हो सकते हैं एप्रन पर

**03** सौ यात्री प्रति घंटे क्षमता है एयरपोर्ट टर्मिनल की पीक ऑवर में

**260** करोड़ की लागत से तैयार हुआ है, 589 एकड़ में फैला यह एयरपोर्ट

**27** सौ 45 मीटर के साथ बनारस एयरपोर्ट का रनवे प्रदेश का अब दूसरा सबसे लंबा

**44** सौ 30 मीटर लंबाई वाला दिल्ली एयरपोर्ट का रनवे देश में सबसे लंबा

**55** सौ मीटर लंबाई के साथ तिब्बत के कामदो बामदा एयरपोर्ट का रनवे दुनिया में सबसे लंबा

## यूपी में तेजी से हो रहा हवाई सेवा का विस्तार

**क्रियाशील**

- लखनऊ • आगरा
- वाराणसी • गोरखपुर
- प्रयागराज • हिंडन
- कानपुर • बरेली

**ये कतार में**

- अलीगढ़
- आजमगढ़
- श्रावस्ती
- मुरादाबाद

**यहां भी योजना**

• चित्रकूट • सोनभद्र • सहारनपुर • झांसी • मेरठ • ललितपुर में भी एयरपोर्ट शुरू करने की योजना है

- लखनऊ और वाराणसी से अंतरराष्ट्रीय उड़ान की सुविधा। आज कुशीनगर शुरू
- जेवर 2024 और अयोध्या 2022 में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा

**05** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

## यूपी में सी प्लेन सेवा भी जल्द

वाराणसी-गोरखपुर-वाराणसी रूट पर सीप्लेन सेवा शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। यह यूपी में सी प्लेन का पहला मार्ग होगा। वाराणसी से गोरखपुर के अलावा प्रदेश के धार्मिक शहरों प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट सहित अन्य शहरों को सी प्लेन से जोड़े जाने की योजना है। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है।